वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 32 | सोमवार 27 मई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# गुजरात हादसे के बाद जयपुर में 6 गेम जोन सीज

## अधिकारी बोले- फायर फाइटिंग सिस्टम खराब था, एनओसी भी नहीं थी


**जयपुर. कासं**

गुजरात के राजकोट में गेम जोन में 28 लोगों की मौत के बाद जयपुर में भी प्रशासन एक्टिव मोड में आ गया है। रविवार को छुट्टी के दिन नगर निगम ग्रेटर की टीम ने शहर में चल रहे गेम जोन का औचक निरीक्षण किया। खामियां मिलने पर झोटवाड़ा के ट्राइटन मॉल में चल रहे 6 गेम जोन को सीज कर दिया। नगर निगम ग्रेटर के चीफ फायर ऑफिसर गौतम लाल ने बताया- आज शहर के अलग-अलग 8 गेम जोन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान झोटवाड़ा स्थित ट्राइटन मॉल में अलग-अलग छह गेम जोन (हॉरर हाउस, भूत बंगला, हंसी का फव्वारा, नया अजूबा, कांच का महल, डार्क वर्ल्ड) में भारी अनियमितताएं पाई गईं। इनमें प्लास्टिक, कागज और थमाकोल के साथ लकड़ी का भारी मात्रा में इस्तेमाल किया गया था। आग बुझाने के लिए भी पर्याप्त संसाधन नहीं थे। इसके बाद टीम ने इन सभी गेम जोन को सीज कर दिया।

**दो जगह व्यवस्था सही:** गौतम लाल ने बताया- इसके साथ 200 फीट बाईपास पर स्थित पूनो और टोंक रोड स्थित हॉपअप पर भी हमारी टीम निरीक्षण करने पहुंची थी। यहां व्यवस्था सही पाई गई है। अब हमारी टीम सोमवार को भी अलग-अलग जगह निरीक्षण करेगी। किसी भी तरह की अनियमितता और लापरवाही बरतने वाले लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ग्रेटर की फायर शाखा उपायुक्त सरिता मील ने बताया- गुजरात में हुए हादसे के बाद आज हमारी टीम ने शहर में चल रहे गेम जोन का निरीक्षण किया। जो गेम जोन सीज किए गए, इनमें लकड़ी और ज्वलनशील पदार्थ का भारी मात्रा में उपयोग किया गया है। जो फायर फाइटिंग सिस्टम लगा था वह सही काम नहीं कर रहा था। इनके पास फायर एनओसी भी नहीं थी। इसके बाद टीम ने अलग-अलग 6 गेम जोन को सीज कर दिया है।

### आग बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण नहीं मिले

नगर निगम फायर शाखा के अध्यक्ष पारस जैन ने बताया- शुरूआती तौर पर आज हम



झोटवाड़ा के ट्राइटन मॉल में आए थे। जहां भारी गड़बड़ी सामने आई है। इन लोगों के आग लगने के बाद उसे बुझाने के लिए पर्याप्त उपकरण तक नहीं थे।

### आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

पारस जैन ने कहा- अब गेम जोन के साथ शहर में चल रहे शॉपिंग मॉल, थिएटर और हाई राइज बिल्डिंग का भी निरीक्षण करेंगे। ताकि भविष्य में होने वाली किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

# राजस्थान को बिजली कटौती से मिलेगी राहत



## रेवदर जीएसएस से बिजली मिलना शुरू, सीएम ने लिखा-बिजली कर्मचारियों की अथक मेहनत का अभिनंदन

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में बिजली कटौती की खबरों के बीच एक राहत की खबर भी सामने आई है। जोधपुर डिस्कॉम और प्रसारण निगम के प्रयासों से 220 केवी जीएसएस रेवदर से बिजली मिलना शुरू हो गई है। इससे जालोर और सांचौर जिले के ग्रामीण इलाकों में बिना रुके बिजली मिल सकेगी। अभी तक इन गांवों के 132 केवी के जीएसएस को सिरोही के 220 केवी जीएसएस से बिजली दी जा रही थी। लेकिन दूरी ज्यादा होने से कम वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या आ रही थी। इस समस्या के समाधान से रेवदर एवं सांचौर क्षेत्र के करीब 73 हजार उपभोक्ता सीधे तौर पर लाभान्वित होंगें। इनमें रेवदर के लगभग 56 हजार तथा सांचौर के लगभग 17 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। बिजली विभाग के इन प्रयासों की सीएम भजनलाल शर्मा ने भी सराहना की हैं। सीएम भजनलाल ने 220 केवी जीएसएस पर काम करने वाले कार्मिकों का फोटो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर करके लिखा- देर रात तक इन क्षेत्रों में निर्बाध बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने व दिन में तपती धूप में बिजली पोलों पर निरंतर कार्यरत विद्युत विभाग के समस्त कर्मठ कर्मचारियों की अथक मेहनत हेतु मैं उनका अभिनंदन करता हूं। हमारी सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में निर्बाध विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित करने हेतु संकल्पित है।

### बिजली के साथ पानी की समस्या का भी हुआ समाधान

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने बताया कि जोधपुर डिस्कॉम अन्तर्गत सांचौर वृत्त के रानीवाड़ा खंड में 132 केवी जीएसएस बड़गांव पर विद्युत भार अधिक होने के कारण अब तक लगातार कम वोल्टेज मिलने व अघोषित बिजली कटौती की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। कम वोल्टेज मिलने से पीएचईडी विभाग की मोटरें नही चलने के कारण पानी व्यवस्था भी प्रभावित हो रही थी। इस वजह से सांचौर-जालोर के ग्रामीणों को वांछित पानी नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों द्वारा बिजली की समस्या के समाधान को लेकर लगातार मांग की जा रही थी लेकिन अब नवस्थापित 220 केवी जीएसएस रेवदर द्वारा कार्य आरंभ कर दिए जाने से इससे 132 केवी जीएसएस सोरड़ा एवं 132 केवी जीएसएस बड़गांव को बिजली मिलना शुरू हो चुकी है। इस वजह से सिरोही रेवदर लाईन से कम वोल्टेल एवं लोड शेडिंग की समस्या समाप्त हो गई है।

### इन गांवों के ग्रामीणों को मिलेगी राहत

इस जीएसएस के चालू होने से रेवदर, सोरदा, बड़गांव, मंडार, रोहुआ, अनादरा, वर्मन, दांतराई एवं आस-पास के क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को विद्युत समस्या से मुक्ति मिलेगी। बिजली सुविधाओं की दृष्टि से रानीवाड़ा व आस-पास के गांवों के लिए 220 केवी जीएसएस का शुरू होना बड़ी राहत का विषय है।

# खजुराहो में प्रवासरत अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को जयपुर चातुर्मास के लिए किया श्रीफल भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के सुयोग्य शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ को जयपुर में चातुर्मास करने हेतु सकल दिगंबर जैन समाज जयपुर के 51 सदस्यीय दल ने खजुराहो में रविवार को सामूहिक श्री फल भेट कर निवेदन किया। इस मौके पर पूरा पाण्डाल आचार्य विद्यासागर महामुनिराज के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इससे पूर्व दल के सदस्यों ने खजुराहो के स्वर्णोदय दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में प्रातः मंदिर दर्शन के बाद अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना कर पुण्यार्जन किया। दल में राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा , राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया, मंत्री राजेन्द्र सेठी, दिगम्बर जैन महासमिति मानसरोवर सम्भाग के महामंत्री सोभाग मल जैन, वरुण पथ दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष एम पी जैन,मांग्यावास के पूर्व अध्यक्ष जय प्रकाश जैन, मैत्री समूह के पदाधिकारी इन्द्र कुमार जैन, चूलगिरी मण्डल के विजय सोगानी,नरेन्द्र जैन, समाजश्रेष्ठी ओम प्रकाश जैन, सौरभ जैन, आदिनाथ महिला जागृति समिति की मंत्री रश्मि सांगानेरिया , एडवोकेट अभिषेक सांघी, शांति काला, राजेन्द्र जैन सहित दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन, श्री वीर सेवक मण्डल, श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबंध समिति, श्री दिगम्बर जैन पदयात्रा संघ, मानसरोवर सम्भाग के मंदिरों के पदाधिकारियों सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी, कई मुनि भक्त एवं गणमान्य श्रेष्ठीजन शामिल थे। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक यात्रा दल रविवार को सायंकाल आरती के बाद जयपुर के लिए वापस रवाना हुआ।

# परिंडा एवं चुग्गा वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन युवा महासभा टौक रोड जोन 3ए के द्वारा प्रचण्ड गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडा एवं चुग्गा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सी एस जैन, कोषाध्यक्ष रवि प्रकाश जैन सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए। युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर द्वारा भगवान महावीर के 2550 वें निवाणोत्सव वर्ष में जीव दया अभियान के तहत पक्षियों की रक्षा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत युवा महासभा द्वारा अधीनस्थ 5 सम्भागो एवं 15 जोनों के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में परिन्दों के लिए पानी पीने के लिए परिण्डे एवं भोजन के लिए चुग्गा दाना घर वितरण किये जा रहे हैं। सभी सम्भागो एवं जोनो द्वारा अपने इलाके में पेडों पर परिण्डे बांधने एवं चुग्गा दाना घर लगाने के साथ पक्षियों की रक्षा का एवं परिण्डे एवं चुग्गा दाना घर की देखभाल का संकल्प लिया जा रहा है। जैन के मुताबिक अब तक 20 से अधिक स्थानों पर परिण्डा एवं चुग्गा दाना घर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा चुका है। जोन के महामंत्री रमेश जैन ने उपस्थित सदस्यों को परिंडा एवं चुग्गा वितरण कर सभी को घरों पर उचित स्थान पर लगाने का आव्हान किया। इस मौके पर राजकुमार जैन, पियुष जैन, मनोज गंगवाल, राजेश जैन, मनीष शाह सहित कॉलोनी के गणमान्य लोग एवं महिलायें भी उपस्थित रही।

# उपाध्याय श्री उर्जयन्त सागर महाराज का वर्ष 2024 का चातुर्मास प्रतापनगर जयपुर में, श्री महावीर जी में हुई घोषणा

**अमन जैन कोटखावदा. शाबाश इंडिया**

जयपुर। वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री 108 विमल सागर जी मुनिराज के अंतिम दीक्षित शिष्य पूज्य उपाध्याय श्री 108 ऊर्जयंत सागर जी महाराज का 31 वां वर्षायोग 2024 गुलाबी नगरी के दक्षिण संभाग के प्रथम द्वार श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 8 प्रताप नगर जयपुर में होने जा रहा है। इसकी घोषणा रविवार को दोपहर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी में चातुर्मास उद्घोषणा समारोह में पूज्य उपाध्याय श्री ने करते हुए प्रताप नगर जैन समाज को चातुर्मास हेतु स्वीकृति प्रदान की। इस मौके पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद मंत्री सुभाष जौहरी मुनिभक्त सुखानंद काला, रूपेन्द्र छाबड़ा, बाबूलाल जैन महुआ, दौलत फागीवाला, प्रताप नगर सेक्टर 8 जैन समाज के अध्यक्ष कमलेश जैन, मंत्री महेंद्र जैन, जिनेंद्र जैन जीतू, महेश सेठी, धर्मचंद पराणा, पूरण जैन, बाबूलाल जैन आदि कई समाजसेवी मौजूद रहे। मंच संचालन पण्डित मुकेश जैन शास्त्री ने किया ।



# 29 साल में 12 लाख से ज्यादा मरीजों को कराया रक्त उपलब्ध




## स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक ने मनाया 30 वां स्थापना दिवस

**जयपुर. कासं**

स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक, मिलाप नगर जयपुर ने रविवार, 26 मई को अपना 30 वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर ब्लड बैंक परिसर में वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में ब्लड बैंक में नियमित रक्तदान करने वाले रक्तदान योद्धाओं, मित्रगणों और उनके परिजनों के अलावा ब्लड बैंक, राजस्थान हॉस्पिटल तथा स्वास्थ्य कल्याण संस्थाओं के स्टाफ ने भी रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस एस अग्रवाल ने कहा कि राज्य में पहली निजी ब्लड बैंक की स्थापना के साथ अब तक 29 वर्ष में हमने मानकों का कठोरता से पालन किया है एवं अनेक नवाचार भी किए हैं। इसी कारण स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक को क्वालिटी कौंसिल ऑफ इण्डिया, भारत सरकार की ओर से 'एनएबीएच' सर्टिफिकेशन प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक ने 29 साल में अब तक 8 हजार रक्तदान शिविरों के माध्यम से 6 लाख यूनिट रक्त एकत्र कर प्लाज्मा, प्लेटलेट्स, आरबीसी और डब्ल्यूबीसी जैसे विभिन्न घटकों से 12 लाख मरीजों को रक्त उपलब्ध कराया है।




### बिना एवजमें लिए रक्त उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य

डॉ. अग्रवाल ने बताया कि पहले स्टेंड अलॉन और नॉन गवर्नमेंट लाइसेंस प्राप्त ब्लड बैंक का उद्देश्य जरूरतमंदों को बिना एवज में लिए रक्त उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि ब्लड बैंक से जुडे समस्त कार्यकर्ताओं का समर्पित भाव हमें ''रक्त बिना नहीं जी सके इक दिन भी इन्सान, रक्त से अपने दीजिए औरों को जीवन दान'' की प्रेरणा देता है। डॉ. अग्रवाल ने इस अवसर पर ब्लड बैंक से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं, इष्ट मित्रों और उनके परिवार जनों को बधाई दी।

### रक्त की एक यूनिट से बनते हैं तीनों कम्पोनेंट के 20 प्रोडक्ट

ब्लड बैंक के मैनेजिंग ट्रस्टी डॉ. एस एस अग्रवाल ने कहा कि आमजन एवं चिकित्सक साथियों को यह जानकारी देना चाहता हूँ कि अब हम रक्त की एक यूनिट से इसके तीनों कम्पोनेंट के करीब 20 तरह के प्रोडक्ट बनाते हैं, जिनको मरीज की आवश्यकतानुसार उसे दिया जाता है, जिससे रोगी को तुरंत लाभ मिले और उसे साइड रिएक्शन भी ना हों। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक ही एकमात्र ब्लड बैंक है जिसमें सभी तरह के ब्लड कॉम्पोनेन्ट/प्रोडक्ट आधुनिकतम मशीनों से बनाएं जाते हैं। इन प्रोडक्ट में पैक्ड आरबीसी, ल्यूको रीडूस्ड पैक्ड आरबीसी, ल्यूकोडिफ्लेटेड पैक्ड आरबीसी बाइ फिल्ट्रेशन, पैक्ड रेड सेल्स एलिकॉट्स, सेलाइन वाश्ड रेड सेल्स, होल ब्लड, क्रायो प्रेसिपिटेट, रैंडम डोनर प्लेटलेट (आरडीपी), ल्यूको रीडूसड रैंडम डोनर प्लेटलेट, सिंगल डोनर प्लेटलेट बाई अफेरेसिस (एसडीपी), फ्रेश फ्रोजेन प्लाज्मा (एफएफपी), ल्यूको रीडूस्ड फ्रेश फ्रोजेन प्लाज्मा (एफएफपी), प्लाज्मा बाई अफेरेसिस, प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पीआरपी), ल्यूकोडिफ्लेटेड रेड सेल्स, पूल्ड प्लेटलेट्स आदि शामिल हैं।

### रक्त से सम्बंधित बीमारियों का इलाज हुआ आसान

नवीन तकनीकी के आने से रक्त से सम्बंधित बीमारियों का इलाज अब आसान हो गया है। पहले की अपेक्षा रक्त सम्बंधित बीमारियों, जैसे कैंसर, ल्यूकेमिया, थेलेसेमिया, हिमोफिलिया आदि में रोगियों को राहत मिलने लग गई है और उनकी उम्र भी पहले की अपेक्षा काफी बढ़ गई है।

### साल में एक बार करें रक्तदान, एक व्यक्ति को करें प्रेरित

डॉ एस एस अग्रवाल ने बताया कि एक रक्तदाता अपने द्वारा एक बार किए रक्त दान से तीन लोगों को जीवन दान दे सकता है। ऐसे में हर स्वस्थ्य व्यक्ति को यह प्रण लेना चाहिए कि वर्ष में एक बार रक्तदान अवश्य करेगा। साथ ही हर साल कम से कम एक नए रक्तदाता का प्रेरक भी बनेगा, यानि उसे रक्तदान के लिए तैयार करेगा।

### रक्तदाता, रक्त दान के लिए करें शिविरों, ब्लड बैंकों का चयन

उन्होंने रक्त दाताओं का आह्वान किया कि रक्तदाता उन्हीं शिविरों में रक्तदान करें जहां किसी प्रकार का प्रलोभन नहीं दिया जाता हो। क्योंकि बिना किसी प्रलोभन के दिया रक्त ही हैल्दी एवं स्वैच्छिक रक्त कहलाता है। प्रलोभन के कारण बीमारी छुपाने के साथ रक्तदान करने से उस रक्त को ग्रहण करने वाले मरीज को अन्य दूसरी बीमारी लगने की संभावना रहती है।

### सरकार लगाए प्रलोभन देने पर रोक, संस्थाएं बनाएं वार्षिक कैलेंडर

डॉ. अग्रवाल ने सरकार को भी इस बात पर फोकस करने के लिए कहा कि रक्तदाताओं को शिविर में आने के लिए किसी भी प्रकार की गिफ्ट या प्रलोभन पर प्रभावी रोक लगे। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी संस्थाएं वार्षिक कैलेंडर बनाएं और बड़े रक्तदान शिविरों के आयोजन के स्थान पर छोटे-छोटे रक्तदान शिविर लगाएं ताकि वर्ष पर्यन्त रक्त की समान आपूर्ति की जा सके।

**आनन्द अग्रवाल:**
**निदेशक**
**9982211000**

# वेद ज्ञान

## अपने चरित्र के प्रति रहें गंभीर

आज एक संपूर्ण व्यक्तित्व की जरूरत है। व्यक्ति में तीन प्रकार की क्षमताएं होती हैं-सहज, अर्जित और ओढ़ी हुई। सहज क्षमता किसी-किसी में होती है। सहज क्षमता जिसमें होती है उसका व्यक्तित्व काफी अंशों में पूर्ण होता है। वह जो कुछ सोचता है, उसे उसी रूप में निष्पन्न कर लेता है। कार्य की निष्पत्ति के लिए न तो निरर्थक दौड़-धूप करनी पड़ती है और न ही वह किसी अवसर को खो सकता है। सहज-समर्थ व्यक्ति अपने काल को इतना उजागर कर देता है कि शताब्दियों-सहस्राब्दियों तक वह युग के चित्रपट पर मूर्तिमान रहता है। कुछ व्यक्ति ऐसे होते हैं जो बहुत ही साधारण व्यक्तित्व लेकर इस धरती पर आते हैं, किंतु अपने पुरुषार्थ से चमक जाते हैं। उन्हें व्यक्तित्व-विकास के लिए जो भी अवसर मिलता है वे मुक्तभाव से उसका उपयोग करते हैं। इनकी क्षमता अर्जित होती है, फिर भी कालांतर में वह स्वाभाविक-सी बन जाती है। ऐसे व्यक्ति भी अपने समाज और देश को दुर्लभ सेवाएं दे सकते हैं। इसीलिए ऐसे व्यक्तियों के लिए विद्वान डोनाल्ड एम. नेल्सन को कहना पड़ा कि हमें यह मानना बंद कर देना चाहिए कि ऐसा कार्य जिसे पहले कभी नहीं किया गया है, उसे किया ही नहीं जा सकता है। तीसरी पंक्ति में वे व्यक्ति आते हैं, जिनके पास न तो सहज क्षमता होती है और न वे क्षमता का अर्जन ही कर पाते हैं। किंतु स्वयं को सक्षम कहलाना चाहते हैं। कोई दूसरा उन्हें मान्यता दे या नहीं, वे अपने आप महत्वपूर्ण बन जाते हैं। इस आरोपित क्षमता से कभी कोई विकास हो, संभव नहीं लगता। ओढ़ी हुई क्षमता वाले व्यक्ति गरिमापूर्ण दायित्व को ओढ़कर भी उसको निभा नहीं सकते। विचारक जॉन वुडन ने कहा भी है कि अपने सम्मान के बजाय अपने चरित्र के प्रति अधिक गंभीर रहें। आपका चरित्र ही यह बताता है कि आप वास्तव में क्या हैं, जबकि आपका सम्मान केवल यही दर्शाता है कि दूसरे आपके बारे में क्या सोचते हैं। कोई आज छाया में इसलिए बैठा हुआ है, क्योंकि किसी ने काफी समय पहले एक पौधा लगाया था। ऐसे पौधे लगाने वालों के अनेक उदाहरणों से विश्व-इतिहास भरा पड़ा है। सिर्फ समझ का दरवाजा खोलने की जरूरत है। अगर समझपूर्वक जीना आ गया तो जीवन के प्रत्येक धरातल पर विकास की सरिता स्वतः प्रवाहित होने लगेगी।

# संपादकीय

## विश्व पटल पर नए समीकरण...

जिस दौर में इजराइल और हमास के बीच का संघर्ष अपने सबसे तीखे चरण में चल रहा है, उसमें तीन यूरोपीय देशों की ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा अंतरराष्ट्रीय राजनीति के लिहाज से एक बेहद अहम घटनाक्रम है। माना जाता है कि चूंकि अमेरिका इजराइल के साथ आमतौर पर खड़ा दिखता है, इसलिए इसका असर यूरोप पर भी होता रहा है। यही वजह है कि ज्यादातर यूरोपीय देश फिलिस्तीन के



खिलाफ इजराइल के आक्रामक रवैये के बावजूद या तो चुप रहने या फिर नरम रुख अख्तियार करने का रास्ता अपनाते हैं। ऐसे में स्पेन, नार्वे और आयरलैंड की ओर से फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा निश्चित रूप से नए समीकरण खड़े कर सकता है। इस फैसले से इजराइल का परेशान होना स्वाभाविक है, क्योंकि फिलहाल उसे अंतरराष्ट्रीय समर्थन की जरूरत महसूस हो रही है। यही वजह है कि उसने इन तीनों देशों के रुख को आतंकवाद को पुरस्कृत करना बताते हुए वहां से अपने राजदूतों को वापस बुला लिया है। इस मसले पर नार्वे ने साफ कहा कि अरब शांति योजना के लिए फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना जरूरी है। स्पेन और आयरलैंड ने भी इस कदम का उद्देश्य इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष को द्वि-राष्ट्र समाधान के जरिए हल करने में मदद करना



बताया है। गौरतलब है कि इजराइल पर हमास के हमले के बाद वैश्विक स्तर पर इजराइल के प्रति सहानुभूति का रुख सामने आया था।मगर उसके बाद इजराइल के बेलगाम हमले और उसमें पैंतीस हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी आम लोगों के मारे जाने के बाद अब उसके प्रति समर्थन में तेजी से कमी आ रही है। ऐसे में इजराइल का पक्ष लेने के बजाय अगर स्पेन, नार्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को एक देश के रूप में मान्यता देना तय किया है तो यह एक तरह से इजराइल के रवैये पर सवाल उठाना भी है। हालांकि इससे वैश्विक स्तर पर स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में स्वीकार किए जाने के मामले में फिलिस्तीन की राह के रोड़े खत्म नहीं हुए हैं, लेकिन इतना तय है कि स्पेन, नार्वे और आयरलैंड के ताजा रुख से यूरोप के कुछ अन्य देशों पर भी फिलिस्तीनियों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करने का दबाव बढ़ेगा।

# परिदृश्य

## पुलिस की कार्रवाई सवालों के घेरे में

उत्तराखंड के ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़ के एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए वहां की पुलिस की सक्रियता हैरान करने वाली है। गौरतलब है कि मंगलवार की रात




आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की टीम अपनी जीप लेकर आपातकालीन मरीजों को ले जाने वाले रास्ते से अस्पताल की चौथी मंजिल पर चढ़ गई। इस घटना के बहुप्रचारित वीडियो में यह साफ दिखा कि पुलिस की जीप अस्पताल के वार्ड में एक गलियारे से गुजर रही है, वहां मौजूद मरीज और उनके परिजन हैरानी से यह सब देख रहे हैं और इस बीच अस्पताल के सुरक्षाकर्मी दोनों तरफ मरीजों से लदे स्ट्रेचर को जल्दी-जल्दी किनारे कर रहे हैं, ताकि जीप आसानी से आगे निकल सके। इसके बाद आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करके ले गई। निश्चय ही इसमें पुलिस की सक्रियता दिखती है, मगर सवाल है कि अस्पताल जैसी जगह में इस तरह जाने की क्या जरूरत थी! यह समझना मुश्किल है कि अगर आरोपी अस्पताल के भीतर था, तो उसे गिरफ्तार करने या किसी अनहोनी की आशंका से उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए पुलिस को अपनी गाड़ी लेकर चौथी मंजिल पर ले जाना एकमात्र विकल्प कैसे था! अस्पताल में मरीजों के इलाज और उनकी देखरेख में कोई भी बाधा या अव्यवस्था पैदा होने जैसी किसी गतिविधि की इजाजत नहीं होती। यहां तक कि मामूली शोर से भी बचने के पूरे इंतजाम किए जाते हैं, ताकि किसी रोगी की परेशानी न हो। ऐसी जगह में क्या आपातकालीन मरीजों को लाने-ले जाने वाले रास्ते से जीप को चौथी मंजिल पर लेकर जाने के बजाय आरोपी को गिरफ्तार करने का कोई और तरीका नहीं निकाला जा सकता था? इस घटना पर सफाई के तौर पर कहा गया कि अस्पताल में आरोपी के खिलाफ गुस्सा था और उसे सुरक्षित निकालना भी जरूरी था। मगर इसके लिए अतिरिक्त पुलिसकर्मी बुलाए जा सकते थे। गनीमत है, अस्पताल में भर्ती मरीजों के बीच से जिस तरह पुलिस के वाहन को निकाला गया, उससे कोई नया जोखिम पैदा नहीं हुआ। इससे ऐसी स्थितियों से निपटने में पुलिस के प्रशिक्षण की कमी स्पष्ट झलकती है।

# श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का अवलोकन किया

## श्री दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के पदाधिकारियों ने



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मुल्तान दिगंबर जैन मंदिर आदर्श नगर में सायंकाल चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर का अवलोकन करने हेतु दिगंबर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल की अध्यक्षा शालिनी बाकलीवाल एवं कोषाध्यक्ष श्रीमती विद्युत लुहाड़िया पधारी । मुल्तान महिला मंडल की संरक्षक सुलोचना व अध्यक्षा प्रकाश देवी ने तिलक व माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया । महासमिति से पधारी अतिथिगण ने शिविर को देखकर काफी प्रसन्नता व्यक्त की । विदुषी सोनम जी द्वारा छः ढाला की कक्षा प्रथम ढाल को बहुत ही मार्मिक व सरलता से समझाया जा रहा है । इस दौरान शालिनी जी ने अपने उद्बोधन में शिविर के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया व 1जून को बिड़ला सभागार में होने वाले समापन कार्यक्रम में सभी को आमंत्रित किया ।अंत में मंत्री नीतू जैन (मुलतानी ) ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# श्रद्धालुओं ने बड़े बाबा के अभिषेक शांतिधारा की

## देश में शांति एवं खुशहाली की कामना की



**कुंडलपुर,दमोह. शाबाश इंडिया**

मध्य प्रदेश के दमोह जिले में बड़े बाबा के नाम से सुप्रसिद्ध विख्यात कुंडलपुर जैन मंदिर में रविवार को प्रातःकाल के बेला में देश में शांति एवं समृद्धि और खुशी की कामना हेतु टोंक से गए श्रद्धालुओं ने बड़े बाबा के नाम से प्रसिद्ध आदिनाथ भगवान के समक्ष अभिषेक शांतिधारा की । तत्पश्चात आचार्य श्री समय सागर जी महाराज सहित 200 साधु संतों के दर्शन का लाभ लिया। इस मौके पर पवन कंटान, अंकुर पाटनी, नीटू छामुनिया, राजेश शिवाड़िया, ओम ककोड़, पंकज कलई, मुकेश बरवास, रम्मू सायवाड़, धर्मेंद्र पासरोटियां अर्पित छामुनिया, हिमांशु पासरोटियां, लोकेश दतवास अक्षत आड़रा आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए महावीर इंटरनेशनल के द्वारा लगाए परिंडे

**नौगामा. शाबाश इंडिया**



सब की सेवा सबको प्यार महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा आज औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई बागीदौरा में मुख्य अतिथि प्रधान सुभाष खराड़ी महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी बांसवाड़ा डूंगरपुर जॉन के सचिव विनोद दोसी प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य भरत जी ट्रेलर ग्राम बागीदौरा के सरपंच रुक्मणी आर्य महावीर इंटरनेशनल शाखा सचिव कैलाश पंचोरी वीर सदस्य जगजी कटरा सुरेश दोसी दिनेश चरपोटा, जीव दया परिवार के अध्यक्ष आशीष पंचोली के सानिध्य में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं को परिंडे वितरण किए गए एवं संस्थान परिसर में वृक्षों की डालियो पर परिंडे बं बाधे गए इस अवसर पर सभी छात्रों द्वारा सामूहिक रूप से प्रार्थना भावना दिन रात मेरी सब सुखी संसार हो के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ उपस्थित सभी अतिथियों को महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा की ओर से ऊपरना उड़ा कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल शाखा अध्यक्ष सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि इस भीषण गर्मी को देखते हुए महावीर इंटरनेशनल शाखा नौगामा द्वारा प्रतीक गांव गांव ढाणी मजरों में जाकर महावीर इंटरनेशनल शाखा द्वारा इन आसमान में उड़ने वाले प्यासे पक्षियों के लिए परिंडे वितरण किया जा रहे हैं एवं चिन्हित स्थानों पर पशुओं के लिए पानी की टंकियां रखी गई है इस अवसर पर प्रधान जी सुभाष जी ने कहा कि इन प्यासे पक्षियों के पानी की व्यवस्था का कार्य बहुत अनुकरनी है पशु पक्षियों की सेवा के लिए यह पुण्य कार्य किया जा रहा है इस हेतु नौगामा शाखा को हमारा बहुत-बहुत साधु वाद इस अवसर पर बांसवाड़ा डूंगरपुर जॉन सचीव विनोद दोसी ने कहा कि महावीर इंटरनेशनल द्वारा पूरे संपूर्ण भारतवर्ष में सेवा कार्य किया जा रहे हैं सरपंच साहिबा रुक्मणी आर्य ने कहा कि इस पुण्य कार्य में हम सभी को सहयोग प्रदान करना चाहिए संस्थान के प्रधानाचार्य ने बड़ी प्रसन्नता प्रकट की प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस भीषण गर्मी को देखते हुए महावीर इंटरनेशनल द्वारा हमारे संस्थान में यह पुण्य का जो कार्य किया है हम सब उसकी अनुमोदना करते हैं उपस्थित सभी छात्रों को सुरेश चंद्र गांधी ने यह संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन प्रातः उठने के बाद एक लोटा पानी इन परिंडे में डालेंगे एवं इन पक्षियों के दाने पानी की व्यवस्था करेंगे सभी छात्र छात्राओं संकल्प करने के बाद संस्थान के परिसर में वृक्ष की डालीयो के ऊपर परिंडे बांधे गए कार्यक्रम में संस्थान के स्टाफ निखिल दोषी गौरी शंकर मुकेश खराड़ी गोविंद अब्दुल विकास रामचंद्र हरीश अंकुश राहुल मयूर अशोक पवन ने अपना सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम का संचालन निखिल दोसी द्वारा किया गया ।

# शैलेंद्र जैन को मिला ऋषभदेव पुरुस्कार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ऋषभांचल तीर्थ गाजियाबाद के स्थापना दिवस पर 26वा ऋषभदेव पुरुस्कार लखनऊ के जाने माने समाज सेवक शैलेंद्र कुमार जैन को मां कौशल के सानिध्य मे मुख्य अतिथि न्यायमूर्ती उच्च न्यायालय डा सुधीर जैन के द्वारा प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र माला एवं 31 हजार रुपए की राशि भेंट कर भगवान ऋषभदेव के योगदान पर उनके द्वारा किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया । जैन समाज के अनेक गणमान्य लोगो ने उनको बधाई दी ।

# नेमी नगर जैन समाज के तत्वावधान में हो रही बाल संस्कार व्यक्तित्व विकास शिविर एवं श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का समापन हुआ





**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। नेमीनाथ जैन कालोनी में पधारे सांगानेर से पण्डितजी के सानिध्य में धर्म और ज्ञान के साथ शिविर संपन्न हुआ जैन समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता नेमीनगर जैन समाज अध्यक्ष कैलाश लुहाड़िया ने की संचालन महा मंत्री गिरीश पाटोदी ने किया। सर्व प्रथम समाज के वरिष्ठ जनों तथा शिविर संयोजक और मंगल कलस स्थापन करता श्री मति उर्मिला जी दोषी और किरण जी बड़जातीया ने दीप प्रज्वलन किया मंगलाचरण श्री मति सपना जी जैन ने किया। तत्पश्चात शिविर में सांगानेर से पधारे विद्वान पंडित राजेंद्र जी शास्त्री और पंडित अरमान जी शास्त्री का स्वागत सम्मान कमेटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिविर संयोजक श्री मति श्वेता आमिष काला गरिमा पंकज जैन, सुनीता पाटनी , रेखा जी पतंगिया, प्रतिभा जी अजमेरा उर्मिला जी दोषी मनी प्रभा अजमेरा, सपना जैन का भी समाज द्वारा सम्मान किया गया। उर्मिला जी दोषी द्वारा भी दोनों पंडित जी और सभी संयोजकों का सम्मान किया गया। कोष्लया पतंगिया निर्मला पाटोदी और कल्पना जी बाकलीवाल, श्री प्रवीण पाटनी , प्रवीण पहाड़िया पवन जी गुना वाले सरिता जैन पंकज जैन राजेश बज ने भी सम्मान समारोह मैं सहयोग प्रदान किया। समाज महामंत्री गिरिश पाटोदी ने अपने उद्बोधन मैं शिविर की सफलता के लिए सभी बच्चों और उनके अभी भावको को धन्यवाद प्रेषित किया और उन सभी प्रयाज्को जिन्होंने शिविर के समस्त दिनों के स्वल्पाहारों मैं सहयोग दिया। लुहाड़िया जी ने भी पंडित जी के बारे मैं विस्तार से बताया और शिविर संयोजकों का भी आभार माना। सुयश बाकलीवाल का भी सम्मान किया गया। तत्पश्चात समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह प्रारंभ हुआ, सभी ग्रुप मैं प्रथम दितीय तृतीय पुरस्कार के साथ स्टूडेंट ऑफ शिविर और सभी को सांत्वना पुरस्कार भी पंडित जी के हथों दिये गये शिविर का समापन भव्य एवं नये अन्दाज किया गया।

# श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में योग शिविर का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल त्रिशला संभाग के सानिध्य में दिनांक 26 मई रविवार को श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में योग शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती चंदा सेठी एवं सचिव श्रीमती रेनू पांड्या ने बताया कि सर्व प्रथम भगवांन के समक्ष समाज के प्रमुख जन एवम बालिका संस्थान कि विदुसीयो द्वारा दीप प्रजवलन करके उद्घाटन किया। इसका परिशिक्षण देने के लिए नवीन बिल्टी वाले पधारे एवम काफी संख्या में साधर्मी बंधुवो ने योग शिविर का लाभ उठाया। मंच संचालन महिला प्रकोंसट मंत्री रानी सोगानि ने किया।



# जीवन को अनुशासित करने हेतु शिक्षा जितनी जरूरी है उतने ही जरूरी है संस्कार



## श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर के पांचवें दिन बच्चों ने किया सामूहिक पूजन

**सीकर. शाबाश इंडिया**

स्थानीय जैन समाज द्वारा आयोजित ''श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर'' के पांचवें दिन शिविर में सम्मिलित बच्चों को अभिषेक पूजन का प्रशिक्षण सांगानेर श्रमण संस्कृति संस्थान से आए विद्वान पं. पारस जैन शास्त्री, पं. तनिष जैन शास्त्री द्वारा दिया गया। पंडित आशीष जैन शास्त्री ने बताया कि मार्गदर्शन मंडल के पंडित जयंत शास्त्री द्वारा बच्चों से शांतिधारा, अभिषेक करवाएं गए।इसके पश्चात समाज के छोटे बच्चे, बच्चियों द्वारा सामूहिक पूजन किया गया।बजाज रोड़ स्थित श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन नया मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम में शिविर से जुड़े बच्चों के साथ समाज के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के पश्चात नया मंदिर कमेटी अध्यक्ष गोपाल काला एवं परिवार द्वारा बच्चों को अल्पाहार दिया गया। शिविर के मीडिया प्रभारी वीरध्वनि ग्रुप के विवेक पाटोदी ने बताया कि शिविर में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर से आए विद्वानों द्वारा पूजन प्रशिक्षण, जैन धर्म शिक्षा भाग 1-2 , छः ढाला, तत्वार्थ सूत्र, भक्तामर स्तोत्र, इष्टोपदेश, रत्नकरण्ड़क श्रावकाचार आदि की व्याख्या के साथ शिक्षा दी जा रही है। जिसमे स्थानीय समाज के डा. संतोष जैन , पंडित जयंत शास्त्री व पंडित आशीष जैन शास्त्री व अन्य सदस्यों द्वारा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।शिविर के दौरान बच्चों के मनोरंजन और शारीरिक , मानसिक विकास हेतु एक मिनट , म्यूजिकल चेयर आदि विभिन्न गेम्स भी जैन पाठशाला की महिलाओं द्वारा खिलाए जा रहे है ।शिविर में 6 वर्ष से लेकर 70 वर्ष के लोग सम्मिलित हो रहे हैं। संस्कारों के बिना न तो उन्नति संभव है और न ही हम समाज में कोई स्थान बना सकते हैं।कोई हमें पहचाने इसके लिए जरूरी है कि हमारे संस्कार अच्छे हों। हमें घर और उसके बाद पाठशाला से अच्छे संस्कार मिलते हैं। संस्कार हमारी आदतों एवं व्यवहार को विशुद्ध करते हैं व जीवन शैली को व्यवस्थित करते हैं। यदि जीवनशैली अनुशासित और व्यवस्थित है तो विद्यार्थी जीवन हमेशा ही तनाव मुक्त रहेगा। अच्छी पढ़ाई होगी तो आगे निरंतर सफलता भी मिलेगी और हम तेजी से आगे बढ़ेंगे।संस्कारों की यही सुन्दरता हमारे जीवन को प्रफुल्लित कर देती है। पंडित जयंत शास्त्री ने बताया कि संस्कार दो शब्दों का मेल है सम और कार । सम का मतलब सम्यक और कर का मतलब कार्य इस प्रकार संस्कार यानि अच्छा कार्य क संस्कार का सामान्य अर्थ है किसी के विचारों और आदतों को शुद्ध करके उपयुक्त बनाना । शिक्षा मनुष्य के जीवन का उपहार है जो व्यक्ति के जीवन की दिशा और दशा दोनों बदल देती है और संस्कार जीवन का सार है जिसके माध्यम से मनुष्य के व्यक्तित्व का निर्माण और विकास होता है। जब मनुष्य में शिक्षा और संस्कार दोनों का विकास होगा, तभी वह परिवार, समाज और देश के विकास की ओर अग्रसर होगा ।संस्कारों से ही हमारा सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन पूर्ण होता है और हम सभ्य कहलाते हैं।व्यक्तित्व निर्माण में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डा. संतोष जैन ने बताया कि संस्कारों के द्वारा ही मनुष्य का चरित्र निर्माण होता है और विचारों के अनुरूप संस्कार ।क्योंकि चरित्र ही वह धुरी है, जिस पर मनुष्य का जीवन सुख, शान्ति और मान-सम्मान को प्राप्त करता है। संस्कार के द्वारा मानव चरित्र में सदगुणों का संचार होता है और दोष व बुरे गुण दूर होते हैं।पंडित आशीष जैन शास्त्री ने बताया कि जब हम संस्कारों और भावनाओं के माध्यम से सही और उच्च मानसिकता का विकास करते हैं, तो हमें नैतिकता, संवेदनशीलता, सद्भाव, सहयोग, और सम्मान की सीख मिलती है।संस्कार और भावना हमें संवेदनशील और उदार बनाती हैं, हमें दूसरों के जीवन में सम्मान, सेवा, और प्यार के लिए संवेदनशील बनाती हैं।





# अर्निका जैन ने जीता मिस राजस्थान प्रथम रनर अप का खिताब





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप अरिहंत की अर्निका जैन ने जीता मिस राजस्थान प्रथम रनर अप का खिताब। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि जैन सोशल ग्रुप अरिहंत के सदस्य राजेश निधि पाटनी की सुपुत्री सुश्री अर्निका जैन ने मिस राजस्थान के प्रथम रनरअप का खिताब जीता है। ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि बिरला सभागार में आयोजित ग्रांड फिनाले 2024 मिस राजस्थान के खिताब के लिए 15 प्रतिभागियों का चयन किया गया था। जिसमें से प्रथम राउंड में 8 प्रतिभागियों को बाहर होना पड़ा। जीते हुए 7 प्रतिभागियों दूसरे राउंड का सामना किया। जिसमें अरिहंत ग्रुप के सदस्य राजेश निधि पाटनी की सुपुत्री सुश्री अर्निका जैन ने मिस राजस्थान 2024 के प्रथम रनर अप का खिताब जीत कर अपने परिवार, अपने ग्रुप का, अपने परिवार का नाम रोशन किया ही तथा पूरे राजस्थान में अपना परचम लहराया है। मिस राजस्थान का खिताब मिस हर्षिका बत्रा और द्वितीय रनर अप खुशी बेलावल रही। ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष राजीव पाटनी ने अर्निका जैन को बधाई प्रेषित कर भविष्य में इससे भी आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित किया। ग्रुप के अध्यक्ष राजकुमार सोगानी ने सभी परिवार जन को ओर अर्निका को बधाई प्रेषित की।

# दिग. जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं प्रतापनगर -3 के संयुक्त तत्वावधान में आदिनाथ भगवान की निर्वाण भूमि बद्रीनाथ यात्रा प्रस्थान



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सांगानेर थाना सर्किल से दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं प्रतापनगर सेक्टर -3 के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव की निर्वाण भूमि कैलाश पर्वत (बद्रीनाथ) की सात दिवसीय दो एसी यात्री बसों को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्रीय महामंत्री सुरेन्द्र कुमार पाण्डया एवं राजस्थान अंचल अध्यक्ष अनिल कुमार जैन आईपीएस अध्यक्ष ने रवाना किया। इससे पूर्व संभाग अध्यक्ष कैलाश चन्द मलैया, महामंत्री डॉ. अरविन्द कुमार जैन, इकाई अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार झांझरी ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद समस्त तीर्थ यात्रियों का तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया है। यात्रा संचालक अशोक पंवालिया, संघपति सुरेन्द्र कुमार झांझरी, बस डाइवर का स्वागत, सम्मान किया गया। अशोक पंवालिया एवं सुरेन्द्र झांझरी ने यात्रा पूर्व की सावधानियां एवं सुखद यात्रा हेतु निर्देश दिए। कैलाश मलैया एवं अतिथियों ने सिद्ध क्षेत्र यात्रा का महत्व बताया। संचालन डॉ. अरविन्द कुमार जैन ने किया।

# पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा गमछा वितरण




**गौरव जैन सिन्नी. शाबाश इंडिया**

अशोकनगर। पार्श्व जैन मिलन अशोकनगर द्वारा गल्ला मंडी में हाथठेला वाले भाईयों ,वजन उठाने वाले मजदूर भाईयों लगभग 125 व्यक्तियो को एकत्र कर गमछा वितरण किया यह कार्य मोसम विभाग द्वारा हीट वेव की चेतावनी अशोकनगर जिले को दी गई है इस कारण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं प्रायोजक वीर पंकज जैन आवन वाले थे। इस कार्यक्रम का निर्देशन राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री अतिवीर नरेश चंद्र जैन ने किया। शाखा अध्यक्ष वीर धीरेन्द्र जैन मंत्री नीरज जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष वीर सुनील जैन, वीर प्रवीण जैन, वीर सुयोग जैन,वीर सोरभ जैन ओडेर, वीर रिंकु जैन, वीर दीपक जैन मलावनी कोषाध्यक्ष सहित सभी वीरों ने इस कार्यक्रम की सराहना की ओर शाखा अध्यक्ष मंत्री को बधाई दी।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com




# श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में मंगलाचरण में समझायी पाँच पदों के मन्त्र नमोकार की महिमा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मन्दिर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में चल रहे श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर में रविवार को प्रार्थना के बाद मंगलाचरण में जानी मानी गायिका समता गोदिका ने बहुत ही मधुर आवाज में पाँच पद वाले महा मंत्र नमोकर की महिमा समझाई। कहा कि नमोकार प्राणी मात्र का खेवनहार व समस्त कष्ट व दुखों का तारणहार है। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि आज सोमवार को इस शिविर की आखिरी क्लास होगी तथा कल मंगलवार को परीक्षाएँ होंगी इधर शाबाश इंडिया के प्रधान संपादक राकेश गोदिका व गायिका समता गोदिका के शिविर में आगमन पर उनका तिलक माला दुपट्टे से स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होंने शिविर की चारों क्लासेज की व्यवस्था देख कर जनकपुरी समाज की बहुत प्रशंसा की तथा बाद में आचार्य श्री शशांक सागर जी मुनिराज से आशीर्वाद प्राप्त किया ।अन्ताक्षरी कार्यक्रम के विजेता सिद्ध ग्रुप के सदस्यों को पुरस्कार दिए गये तथा नाटिका की व्यवस्था की ज़िम्मेदारी प्रिया साखूनियां को दी गयी। आज के शिविर में मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्वलन शांति देवी सुरेश शाह परिवार तथा प्रमोद राजकुमारी पाटनी परिवार द्वारा किया गया। सभी का सम्मान जे के जैन, सोभाग अजमेरा, तारा चंद गोधा, दीपिका जैन बिलाला, प्रिया साखूनियां,श्वेता बडजात्या, अनिता बिंदायक्यकअर्चना छाबड़ा आदि द्वारा किया गया। अन्त में विद्यार्थियों, विदुषियों, अतिथियों व संयोजको की सामूहिक फोटो तथा संस्थान हेतु वीडियो नीरज जैन छाबड़ा ने तैयार किया।





# गुलाबी नगर में सजी सुरों की महफिल, गुजरे जमाने की यादें हुई ताजा

## प्रदेश में पहली बार आर.डी. बर्मन और एल.पी. म्यूजिक ग्रुप के 34 कलाकारों ने एक मंच पर दी संयुक्त प्रस्तुति





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जी 30 जयपुर सुर संगम और अंतर राष्ट्रीय वैश्य महा सम्मेलन जयपुर ज़िला रोटेरी क्लब जयपुर सिटीजन के संयुक्त तत्वावधान में



गुलाबी नगर में एल.पी.-आर.डी. बर्मन नाईट एन इवनिंग विद लक्ष्मीकांत प्यारेलाल एंड आर.डी. बर्मन का रंगारंग आयोजन रविवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधीर जैन गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में देश के ख्यातिप्राप्त गायकों ने 70 और 80 के दशक के 28 बॉलीवुड गानों की शानदार प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के को चेयरमैन सीए संजय पाबुवाल व कांसेप्ट डिजाइनर अनुराग दीक्षित ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप के गुल सक्सैना और प्रियंका मित्रा ने हंसता हुआ नूरानी चेहरा, आलोक कटघरे ने गाड़ी बुला रही है, सर्वेश मिश्रा ने पर्दा है पर्दा, आलोक कटघरे और सर्वेश मिश्रा ने यम्मा-यम्मा, सर्वेश मिश्रा ने आने से उसके आए बहार, सर्वेश मिश्रा और प्रियंका मित्रा ने जिंदगी की ना टूटे लड़ी और सोलह बरस की बाली उमर को सलाम और सांग ऑफ द मिलेनियम एक प्यार का नगमा है जैसे एवरग्रीन बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियां दी। गोधा ने बताया कि कार्यक्रम में लक्ष्मीकांत प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन टीम मुंबई के बांसुरी वादक मोहित शास्त्री, वॉयलिन वादक जीतू ठाकुर, ट्रम्पेट वादक किशोर सोढा, की-बोर्ड प्लेयर संजय मराठे, सेक्सोफोन वादक नागेश कोली, ट्म्बोन प्लेयर ब्लास्को मोंसोरेट, तुम्बा प्लेयर समित पेडणकर, ड्रम प्लेयर सुमित सरफरे, गिटार वादक बृजेश शाह और ढोलक वादक विजय जादव सहित 34 ख्यातिप्राप्त साजिंदों ने वाद्ययंत्रों पर संगत कर कार्यक्रम में चार चांद लगाए। इन सभी म्यूजिसियंस ने बॉलीवुड फिल्म शान, शोले, शालीमार, बाजीगर, हम दिल दे चुके सनम, देवदास, लावारिस, मुकद्दर का सिकंदर, कुर्बानी, सागर, डिस्को डांसर और आराधना फिल्म के गानों सहित 6 हजार से ज्यादा गीतों को संगीत से सजाया है।

### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में छह सौ से अधिक बॉलीवुड फिल्मों में धुन देने वाले किशोर सोढा, बांसुरी वादक म्यूजिक अरेंजर मोहित शास्त्री, ट्रंबोन वादक ब्लास्को मोजोरेट और वायलिन वादक जीतू ठाकुर को सम्मानित किया गया।

### जयपुराइट्स में दिखा उत्साह

मुख्य समन्वयक सीए नरेंद्र मित्तल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर जयपुराइट्स में गजब का उत्साह देखने को मिला। तपती धूप में लोग दोपहर से ही कतारों में खड़े हो गए। गीतों की प्रस्तुतियों के दौरान श्रोता खड़े होकर झूमने लगे। संगीत के इस कार्यक्रम को लेकर महिलाओं और युवाओं में जबर्दस्त उत्साह था। लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से गायक कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मनीष जैसनसरिया, मोतीसंस के नवल अग्रवाल, स्पेक्ट्रा के सीएमडी प्रमोद जैन, इंसुलेशन एनर्जी के मनीष गुप्ता, बिंदुजा एक्सपोर्ट के मोहित गर्ग और सिटी वाइब्स के राजेश अग्रवाल,राजस्थान हाई कोर्ट न्यायाधीश, आईएएस, आईपीएस, आईआरएस,प्रमुख समाजसेवी सुरेश पोद्दार, आईआईएस यूनिवर्सिटी के चांसलर अशोक गुप्ता जी, आयोजन समिति के सलाहकार जेडी महेश्वरी,प्रसंजीत मालू, कोषाध्यक्ष सीए आर.के. गुप्ता, समन्वयक जितेंद्र मित्रुका, सीए मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र छाबड़ा, संजय अग्रवाल सीए मनोज जैन, संयोजक हेमंत गुप्ता,राजेंद्र जी लवण, कैलाश अग्रवाल,गब्बर कटारा, पारस बिलाला सहित महिला, पुरुष और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि लक्ष्मीकांत कुडलकर का जन्म 1937 में हुआ था और इनके पिता का नाम शांताराम था। प्यारेलाल शर्मा का जन्म 1940 में हुआ था और इनके पिता का नाम रामप्रसाद था। इस संगीतकार जोड़ी ने 1963 से 1998 तक 750 फिल्मों के गानों को संगीत दिया जिसे आज भी पसंद किया जाता है। आर.डी. बर्मन ऐसे संगीत निर्देशक थे जिन्होंने 1960 से 1990 के बीच 331 फिल्मों में संगीत निर्देशन किया।